Subject - Hindi

Holiday Homework

प्रo-1) 'मोबाइल बिना सब लगे सूना' विषय पर निबंध लिखिए।

प्रo-2) किसी भी दुर्घटना के दर्शक/साक्षी उस हादसे के प्रति प्रायः उदासीन रहते हैं। उनकी हृदयहीनता की चर्चा करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रo-3) 'स्वच्छता अभियान' पर फ़ीचर लिखिए।

प्रo-4) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए -

(i) प्रिंट माध्यम के दो प्रमुख साधन कौन-कौन से हैं।
(ii) हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र कौन-सा था? इसके संपादक कौन थे?
(iii) आजादी के बाद पत्रकारिता में किस प्रकार का बदलाव आया?
(iv) किन गुणों के होने से कोई घटना समाचार बन जाती है?
(v) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला?
(vi) पेज थ्री पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?
(vii) डेड लाइन से आप क्या समझते हैं?

प्रo-5) निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-

(i) यह मधु है- स्वयं काल की मौना का युग-संचय,
यह गोरस- जीवन-कामधेनु का अमृत-पूत पय।

(ii) इस पथ पर मेरे कार्य सकल
हो भ्रष्ट शीत के-से शतदल!
कन्ये, गत कर्मों का अर्पण
कर, करता मैं तेरा तर्पण।

प्रo-6) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल-पुथल मच जाए
एक हिलोर इधर से आए एक हिलोर उधर से आए।
प्राणों के लाले पड़ जाएँ, त्राहि-त्राहि स्वर नभ में छाए,
नाश और सत्यानाशों का धुँआधार जग में छा जाए।

Page No.
Date: / /

बरसे आग, जलद जल जाए, भस्मसात भूधर हो जाए,
पाप-पुण्य सद् सद् भावों की धूल उड़े उठ दाएँ-बाएँ।
नभ का वक्षस्थल फट जाए, तारे टूक-टूक हो जाएँ।

क) कवि की कविता क्रांति लाने में कैसे सहायक हो सकती है?

ख) कवि के द्वारा किस प्रकार की उथल-पुथल चाही गई है?

ग) आपके विचार से नाश और सत्यानाश में क्या अंतर हो सकता है? कवि उनकी कामना क्यों करता है?

घ) किसी समाज में फैली जड़ता और रुढ़िवादिता क्रांति से ही दूर हो सकती है - पक्ष या विपक्ष में दो तर्क दीजिए।

ङ) काव्यांश से दो मुहावरे चुनकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

Sarika Singh

⇒ Class-Test of Le 3,4 (पद्य)

will be conducted after the Summer Vacations.

⇒ Holiday Homework has to be Submitted latest by 4th July '16.